pan>

Title: Issue regarding alleged communal violence in Bhainsa town in Adilabad Parliamentary Constituency, Telangana.

श्री सोयम बापू राव (आदिलाबाद): सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का अवसर दिया। मेरा क्षेत्र आदिलाबाद जिला, तेलंगाना स्टेट में है। मेरे क्षेत्र में एक भैंसा शहर है। भैंसा शहर में हर साल हिंदू-मुस्लिम के बीच गड़बड़ होती है। उस गड़बड़ में हिंदू लोगों का घर जला देते हैं, उनको पत्थर से मारते हैं, चाकू से मारते हैं और तलवार से मारते हैं। वे हिंदू लोगों के ऊपर बहुत अन्याय कर रहे हैं। इसके बारे में हमने वहां की सरकार को बताया। भैंसा के जो हिंदू लोग हैं, उनको बचाने की कोशिश करने के लिए हमने वहां टीआरएस सरकार को बताया। वहां की सरकार ने, वहां की ... * पार्टी के जो ... * लोग हैं, उनके वोट बैंक के लिए, जो मुस्लिम मॉइनोरिटी लोग हिंदुओं के ऊपर हमला कर रहे हैं, उनके ऊपर केस नहीं लगाते हैं। केवल जिसका घर जलता है, जो मार खाता है, उन हिंदू लोगों के ऊपर केस बनाकर, वहां के हिंदू लोगों के साथ बहुत अन्याय कर रहे हैं।

मैं केंद्र सरकार से विनती करता हूं कि सीबीसीआईडी से इंक्वायरी करायें। जो माइनोरिटी के लोग हैं, वे हर बार भैंसा में हिंदू लोगों के ऊपर हमला कर रहे हैं। इसलिए उनके ऊपर कार्रवाई करके, उनके खिलाफ क्रिमिनल केस लगाकर उन्हें अंदर करने की मैं सरकार से विनती करता हूं।